पत्र संख्या–स्था0–सेन्ट्रल डिस्पैच सामान्य / 2021–22 / 01 / वाणिज्य कर,

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ::दिनाक::27–::अप्रैल, 2021

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर,
एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर (उच्च न्यायालय कार्य) प्रयागराज,
एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (उच्च न्यायालय कार्य) लखनऊ।
ज्वाइन्ट कमिश्नर (सर्वोच्च न्यायालय कार्य) गाजियाबाद।

विषयः–मुख्यालय पर प्रत्येक माह में केवल एक दिन डाक उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक मुख्यालय के पत्र संख्या–39 दिनांक 19.01.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत विभागीय डाक को आदान–प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में प्रत्येक जोनल कार्यालय से (लखनऊ जोन छोड़कर) सप्ताह में एक बार मुख्यालय पर उक्त पत्र में दी गयी व्यवस्था के अनुरूप डाक उपलब्ध कराये जाने हेतु आपको निर्देशित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बढ़ते कोविड संक्रमण के दृष्टिगत जोन तथा मुख्यालय में विभागीय डाक का आदान–प्रदान करने हेतु निम्न प्रकार व्यवस्था की जाती है :–

1. प्रत्येक माह के दूसरे सोमवार को झांसी, वाराणसी प्रथम एवं द्वितीय, कानपुर प्रथम एवं द्वितीय।
2. प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या, बरेली।
3. प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को गाजियाबाद प्रथम एवं द्वितीय, मुरादाबाद,।
4. प्रत्येक माह के दूसरे बृहस्पतिवार को नोएडा, मेरठ, आगरा, इटावा।
5. प्रत्येक माह के दूसरे शुक्रवार को सहारनपुर, अलीगढ़।

उक्त के दृष्टिगत आप को निर्देशित किया जाता है कि राजकीय वाहन से एक राजपत्रित अधिकारी के साथ पत्र वाहक जोनल कार्यालय से डाक प्राप्त कर मुख्यालय के सेन्ट्रल डिस्पैच में डाक प्राप्त करायेंगे तथा सेन्ट्रल रिसीट मुख्यालय से विभागीय डाक प्राप्त कर जोनल कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे।

27/04/2021

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर,
प्रभार–एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी, कमिश्नर कैम्प, वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ।
2. अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।
3. समस्त अनुभाग अधिकारी, वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
4. एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु
5. प्रभारी सेन्ट्रल डिस्पैच अनुभाग वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
6. प्रदेश महामंत्री, उत्तर प्रदेश राज्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वाणिज्य कर संघ ।

एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर,
प्रभार–एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।